ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow




**CLASS: II**
**SUBJECT : (HINDI)**
**CHAPTER NUMBER: पाठ- 17**
**TOPIC : दीपावली**
**SUB TOPIC: श्रुतलेख , कम से कम शब्दों में उत्तर**



Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024










शुभ दिपावली

दीप + अवली अर्थात दीपों की पंक्ति । दीपों की पंक्तियों का पर्व दीपावली कहलाता है। दीपावली पर्व कार्तिक मास में मनाया जाता है। भारत में यह पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है।

दीपावली का पर्व बच्चों का प्रिय पर्व है। इस पर्व पर नए कपड़े, पटाखे और मिठाइयों की खूब धूम होती है। दीपावली पर घर और बाज़ार सजाए जाते हैं। घर के आंगन में रंगवल्ली के साथ दीप जगमगा उठते हैं। बच्चे इस पर्व का खूब मज़ा उठाते हैं। फुलझड़ियां आतिशबाज़ी खूब चलती है। मिठाइयाँ, मेवे, नमकीन का आदान-प्रदान होता है। दीपावली के शुभ पर्व पर लक्ष्मी पूजन होता है ।



आजकल पर्यावरण प्रदूषण की समस्या है। इस कारण पाठशाला में प्रदूषण रहित दीपावली मनाने का तरीका बताया जाता है, जिसमें बच्चे पटाखों के बजाय सिर्फ मिठाइयाँ बाँटकर और दीप जलाकर नए तरीके से दीपावली मनाते हैं। बच्चों का दीपावली मनाने का यह तरीका खूब प्रशंसनीय है। दीपावली मित्रता स्वच्छता और सुख समृद्धि का पर्व है।



# मौखिक : श्रुतलेख

- हर्ष
- उल्लास
- पर्यावरण
- प्रदूषण
- कार्तिक
- रंगवल्ली
- स्वच्छता
- सुख समृद्धि

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

## २: कम से कम शब्दों में उत्तर बताइए

क- दीपों की पंक्तियों का पर्व क्या कहलाता है ?
उ - दीपों की पंक्तियों का पर्व दीपावली कहलाता है ।

ख - दीपावली के शुभ अवसर पर किसका पूजन होता है? उ
दीपावली के शुभ पर्व पर लक्ष्मी का पूजन होता है।

ग - आजकल किस की समस्या है ?
उ - आजकल पर्यावरण प्रदूषण की समस्या है ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

**घ - पाठशाला में क्या बताया जाता है ?**

**उ - पाठशाला में प्रदूषण रहित दीपावली मनाने का तरीका बताया जाता है ।**

# गृहकार्य

## पृष्ठ संख्या १०२ प्रश्न संख्या १ और २
## कक्षा कार्य कॉपी में अभ्यास करें

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# सीखने के प्रतिफल

बच्चे भिन्न भिन्न प्रश्नों के उत्तर देने में सक्षम हुए ।

freepptbackground.com

EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# THANKING YOU
# ODM EDUCATIONAL GROUP